दिनांकः 15.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना के बारे में तैयारियों की समीक्षा बैठक की।
- गृह मंत्रालय ने लोगों को साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी।
- प्रदेश में फर्जी एनओसी से अंग प्रत्यारोपण मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन।
- राज्य में तेज गर्मी और लू के दौर के बीच कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और ओले गिरे।

....................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना के बारे में तैयारियों को लेकर कल बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा की। श्री गुप्ता ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की पालना गंभीरता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएं और पारदर्शिता के साथ मतगणना की प्रक्रिया पूरी करवाई जाए। उन्होंने स्ट्रांग रूम से आने वाली ईवीएम मशीनों की क्रॉसिंग नहीं होने, एजेंटों को रंगीन आई कार्ड जारी करने, एजेंटों की बैठक व्यवस्था करने और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्ट्रांग रूम के बाहर लगाई गई स्क्रीन हर समय चालू रहने के निर्देश दिए। काउंटिंग हॉल में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। श्री गुप्ता ने बताया कि राज्य में 27 मतगणना केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सभी लोकसभा क्षेत्रों के साथ बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती की जाएगी। इन सभी केन्द्रों पर मीडिया सेंटर बनाए जाएंगे।

....................

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारपरक कौशल विकास समावेशी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानीय उद्योगों और विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगार देने वाली शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। श्री मिश्र कल राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विश्वविद्यालयों के कुलपति, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान की गुणवत्ता सुधार पर जोर देते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक या मोबाइल एप आधारित उपस्थिति की व्यवस्था 30 मई तक लागू की जाएगी।

....................

गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सरकारी अधिकारियों के फर्जी तरीके से साइबर अपराधियों द्वारा धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट की शिकायतें बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसी घटना की सूचना साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.पद पर दें।

....................

विश्वविद्यालय स्तर के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज **सीयूईटी** का आयोजन किया जा रहा है। ये परीक्षा 18 मई तक चलेगी। दिल्ली के केंद्रों पर होने वाली सीयूईटी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा है कि दिल्ली में अब यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की जाएगी।

इधर, राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कल से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षाओं का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। ये परीक्षाएं 24 मई तक दो पारियों में होंगी।

...................

राज्य सरकार के आदेश पर जयपुर पुलिस ने फर्जी एनओसी से अंग प्रत्यारोपण मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। ये जांच दल इस मामले में दर्ज तीनों एफआईआर की जांच करेगा। एसआईटी में आठ पुलिस अधिकारी और कॉन्स्टेबल होंगे। एसआईटी जांच की निगरानी जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस इस मामले में फरार चल रहे राज कमल और दलाल मोहम्मद मुर्तजा को पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल के अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

...................

प्रदेश में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वर्दी में 'गैर पुलिसिंग मुद्दों' पर वीडियो, रील या स्टोरी अपलोड करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने इस बारे में सभी जिलों के एसपी, कमांडेंट और अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा करना पुलिस नियमों के खिलाफ है। इससे विभाग की गरिमा और छवि पर बुरा असर पड़ता है। श्री साहू ने कहा कि नियंत्रक अधिकारी इस प्रकार की पोस्ट करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

...................

खेतड़ी के हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में कल रात लिफ्ट का रस्सा टूटने से 14 अधिकारी और कर्मचारी खदान में फंस गये हैं। ये घटना जमीन से करीब नौ सौ फीट नीचे की बतायी जा रही है। एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी है। अब तक तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

वहीं जैसलमेर जिले के हड्डा गांव के पास कल रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गयी और चार घायल हो गये। हादसा बेकाबू कार के पलटने से हुआ। घायलों को जैसलमेर के जवाहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, बाड़मेर चौहटन सड़क मार्ग पर नाईयों की ढाणी के पास एक कार पलटने से दो लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें बाड़मेर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

...................

स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी–एस.एम.ए. की दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे जयपुर के एक बालक हृदयांश को कल करोड़ों रुपये की लागत का इंजेक्शन लगाया गया। हमारे जयपुर ग्रामीण संवाददाता ने बताया कि क्राउड फंडिंग से जमा की गयी राशि से ये इंजेक्शन अमेरिका से मंगवाया गया।

...................

राज्य में बीती रात कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश के समाचार हैं। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिली। हालांकि हनुमानगढ़, बीकानेर, कोटपूतली बहरोड़ और झालावाड़ सहित ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी का असर बना रहा। सबसे ज्यादा 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान फलौदी में रहा। जैसलमेर में दिनभर की भीषण गर्मी के बाद देर शाम ठंडी हवाएं चलीं और बूंदाबांदी हुई। पाली के गोड़वाड़ और काकराड़ी गांव में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि जिले में कल शाम तेज हवाओं के साथ बरसात हुई और ओले गिरे।

..................

मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज और कल जोधपुर और बीकानेर संभाग में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने और हीटवेव चलने की संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में कल से मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढोतरी हो सकती है।

...................

देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता आज से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। इसमें उच्च कौशल मानकों का प्रदर्शन होगा। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने कहा है कि इंडिया स्किल्स

प्रतियोगिता में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नौ सौ से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे। विभिन्न उद्योगों के चार सौ से अधिक विशेषज्ञ भी इसमें हिस्सा लेंगे।

....................